तेरे भरोसे मैया परिवार मेरा

तेरी कृपा से होता सवेरा
तेरे भरोसे मैया परिवार मेरा

दरबार तेरे आता रहूं मां
कृपा सदा ही तेरी पाता रहूं मां
त्रिलोकपुर में धाम है तेरा
बाला सुन्दरी मैया नाम है तेरा
तेरी कृपा से होता सवेरा
तेरे भरोसे मैया परिवार मेरा

दरबार की तेरे शान निराली
दर से मां तेरे कोई जाता ना खाली
श्रद्धा से जो भी हो जाता तेरा
जीवन में उसके ना रहता अंधेरा
तेरी कृपा से होता सवेरा
तेरे भरोसे मैया परिवार मेरा

ना मांगू में धन और दौलत
सब कुछ पाया मैंने तेरी बदौलत
सिंगला तो मैया बालक है तेरा
चरणो मे अर्पण तेरे जीवन ये मेरा
तेरी कृपा से होता सवेरा
तेरे भरोसे मैया परिवार मेरा

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34064/title/tere-bharose-maiya-parivar-mera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |